सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 123 | इंदौर, सोमवार 18 नवंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# मप्र में खाद की किल्लत सड़क पर उतरेंगे किसान

## पूरे प्रदेश में आज ज्ञापन सौंपेगा भाकिसं गेहूं-चने की बोवनी में जरूरी डीएपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में खाद की किल्लत है। दूसरी ओर, डीएपी-यूरिया की कालाबाजारी भी हो रही है। भोपाल में एक दुकानदार पर एफआईआर दर्ज हो चुकी है। वहीं, भोपाल, टीकमगढ़, सागर समेत कई जिलों में किसान खाद के लिए हंगामा कर चुके हैं। इसी बीच सोमवार को भारतीय किसान संघ प्रदेश के सभी जिलों में कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपेगा। भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष सर्वज्ञ जी. दीवान ने बताया, अभी पूरे प्रदेश में गेहूं-चना समेत रबी फसलों की बोवनी चल रही है, लेकिन किसानों को यूरिया और डीएपी नहीं मिल रही है। खाद की कालाबाजारी हो रही है। जिससे किसानों को अधिक कीमत पर खाद खरीदना पड़ रही है। दो दिन पहले सरकार को व्यवस्था सुधारने को कहा था, पर ऐसा नहीं हुआ। इसलिए सोमवार को संघ प्रदेश के सभी जिलों में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपेगा।**



### अभी डीएपी की सबसे ज्यादा जरूरत

अच्छी बारिश होने के बाद प्रदेश में किसान गेहूं, चने समेत अन्य रबी फसलों की बुआई कर रहे हैं। इस दौरान DAP (डाई अमोनियम फॉस्फेट) की जरूरत रहती है। इसलिए किसान सोसायटियों के अलावा प्राइवेट दुकानों से भी खाद खरीद रहे हैं, लेकिन उन्हें इसके बदले ज्यादा कीमत चुकाना पड़ रही है। भोपाल में ऐसा ही मामला सामने आ चुका है। भोपाल के बैरसिया थाने में नरसिंहगढ़ रोड स्थित गौर कृषि सेवा केंद्र के संचालक कमल सिंह गौर के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रक आदेश 1985 के प्रावधानों के तहत धारा 3, 4, 5 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धार 3, 7 के तहत एफआरआई दर्ज की गई है। यह सीजन में भोपाल में खाद विक्रेता पर पहली बड़ी कार्रवाई है।

### 500 रुपए ज्यादा में बिक रही डीएपी

भोपाल के बैरसिया में जो मामला सामने आया, उसमें 1350 रुपए प्रति बोरी के हिसाब से मिलने वाली डीएपी खाद को 500 रुपए ज्यादा लेकर 1850 रुपए में बेचना सामने आया। वहीं, 267 रुपए कीमत की यूरिया की एक बोरी के 340 रुपए लिए गए। एसडीएम आशुतोष शर्मा की जांच में यह सामने आया था। इसके बाद गोदाम और दुकान सील कर दी गई थी।

### किसानों को बांटे जा रहे टोकन

भोपाल की बैरसिया कृषि उपज मंडी में पुलिस की मौजूदगी में किसानों को डीएपी खाद वितरित किया जा रहा है। यहां किसानों को टोकन देकर 5 बोरी डीएपी खाद दिया जा रहा है।

### एमपी में खाद की किल्लत के 3 बड़े मामले

1. भोपाल की बैरसिया मंडी में खाद नहीं मिलने से 3 दिन पहले किसानों ने हंगामा कर दिया था। एसडीएम आशुतोष शर्मा और पुलिस को मामला संभालना पड़ा था।
2. टीकमगढ़ जिले के एक खाद वितरण केंद्र में भी 3 दिन पहले खाद को लेकर जमकर हंगामा हुआ था। पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के गांव डूंडा से खाद लेने आई नेहा लोधी के साथ महिला कांस्टेबल चंद्रमुखी ने मारपीट की थी। इसके बाद लड़की के साथ आए परिजनों और अन्य किसानों ने वितरण केंद्र पर हंगामा शुरू कर दिया था।
3. सागर के बंडा में 18 दिन पहले खाद की किल्लत के विरोध में बंडा विधानसभा के पूर्व कांग्रेस विधायक तरवर सिंह लोधी किसानों के साथ मंडी परिसर में धरने पर बैठ गए थे। उन्होंने किसानों को खाद दिलाए जाने की मांग की थी।

## उत्तर प्रदेश के मंत्री से बदसलूकी करने वालों को जेल भेजा

### पुलिस ने 4 घंटे में किया खुलासा; हमलावर बोले- नहीं पता था वो मंत्री हैं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर,(एजेंसी)।** ग्वालियर में शुक्रवार रात उत्तर प्रदेश सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्री (राज्यमंत्री) मनोहर लाल उर्फ मन्नू के पीएसओ व सहायक से मारपीट कर पिस्टल लूट करने वाले चार हमलावरों को सिर्फ चार घंटे में पहचान कर पुलिस ने पकड़ लिया था। हमलावरों का कोई क्रिमिनल रिकॉर्ड पुलिस को नहीं मिला है। जिस कार के सामने बाइक टकराने पर विवाद हुआ उस कार में खुद मंत्री सवार थे। हमलावर बोले कि उन्हें नहीं पता था कि वह मंत्री की कार है। पुलिस ने सभी चार आरोपियों को शनिवार शाम कोर्ट में पेश किया है, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। पहले इस मामले में 12 आरोपियों के होने की सूचना थी। जिस पर पुलिस अब कैमरे खंगाल रही है कि कहीं कोई अन्य आरोपी तो नहीं छूट गया है।

### गलती पर गिड़गिड़ाने लगे

जब शुक्रवार-शनिवार दरमियानी रात पुलिस ने मंत्री के पीएसओ से मारपीट करने वालों की न सिर्फ पहचान की बल्कि उनको 4 घंटे में गिरफ्तार भी किया। सभी आपस में रिश्तेदार हैं। बंटी यादव मुख्य आरोपी है। जिससे मंत्री के पीएसओ की बहस हुई थी, उसके बाद उसने कॉल करके अपने मामा कप्तान यादव व रिश्तेदार भोला व भूपेन्द्र को बुलाया था। जब इन चारों को पता लगा कि जिससे मारपीट कर यह पिस्टल छीन ले गए हैं, वह उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री का पीएसओ था। जिस समय यह घटना हुई मंत्री वहीं थे। यह सुनते ही चारों आरोपी सर्द रात में पसीना-पसीना हो गए। वह पुलिस अफसरों के सामने गिड़गिड़ाने लगे। पर मामला इतना बड़ा था कि पुलिस ने उनकी गुंडागर्दी पर अच्छे से खातिरदारी की। आरोपियों का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है। इसलिए उनको कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## छतरपुर में डॉक्टर और नर्स से की अभद्रता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर,(एजेंसी)।** छतरपुर में शनिवार की रात 9 बजे पन्ना नाका मार्ग पर शराबी महिला ने जमकर हाई वोल्टेज ड्रामा किया। बस और ट्रक के सामने महिला गाली-गलौज करते हुए लेट गई। वहां मौजूद लोगों ने वीडियो बना लिए और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। इस दौरान महिला किसी से फोन पर बात करते हुए अभद्रता कर रही थी। सिविल लाइन थाना पुलिस को जानकारी लगने पर थाना प्रभारी बाल्मिक चौबे और महिला पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने महिला को इलाज के लिए 10 बजे जिला अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन वह रात 2 बजे तक रुकी। इसके बाद अस्पताल से भाग गई। पुलिस को जानकारी लगने पर दोबारा अस्पताल के बाहर रोड से महिला को पकड़ कर थाने ले गई। जहां उससे पूछताछ की जा रही है। इस दौरान महिला ने ड्यूटी डॉक्टर और नर्स से भी अभद्रता की।

## मोटर बाइक खड़ी कर युवक नर्मदा नदी में कूदा

**खरगोन।** खलघाट नर्मदा नदी पुल पर एक युवक आया और बाइक खड़ी कर नदी में कूद गया। मछुआरो ने देखा तो तत्काल उसे बाहर निकाला। सूचना मिलने पर पुलिस आ चुकी थी। पुलिस ने तुरंत युवक के पेट से पानी निकाला और उसे अस्पताल दाखिल किया। युवक की जान बच गई है। चैकी खलटाका के चैकी प्रभारी खलटाका राजेन्द्र अवास्या ने बताया कि खबर मिलते ही अपने साथ पुलिस टीम लेकर स्वयं तत्काल नर्मदा नदी के पुल पर पहुंचे। जहां पर युवक की सीडी डिलक्स मोटर सायकल चाबी लगी हुई खड़ी दिखाई दी। नर्मदा जी में देखा, तो मछली पकड़ने वालों ने ईशारो मे बताया कि अभी एक लड़का कूदा है, जिसे मछुआरों ने पकड़ लिया है, और किनारे पर ला रहे है। युवक को नदी से निकालकर बाहर लाए, तब उसकी हल्की -हल्की सांस चल रही थी। श्री अवास्या और उनकी पुलिस ने युवक के सीने पर पंपिंग की, तो मुंह से पानी बाहर आ गया।

# शहर में होगा नार्मदीय ब्राह्मण समागम

## दशहरा मैदान में जुटेंगे देश विदेश के समाजजन, नर्मदा चौराहे का होगा लोकार्पण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में नार्मदीय ब्राह्मण समागम 11 और 12 जनवरी को दशहरा मैदान में होगा। इस समागम में देश-विदेश से हजारों समाजजन जुटेंगे, जिसमें समाज की संस्कृति और प्रगति की बात होगी। इस आयोजन के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें महापौर पुष्यमित्र भार्गव, महासभा अध्यक्ष अनिल शर्मा, पूर्व अध्यक्ष सुभाष महोदय, एनडी पारमार्थिक ट्रस्ट के अध्यक्ष जेपी शर्मा, नगर इकाई के अध्यक्ष प्रफुल्ल शर्मा और पूर्व रणजी खिलाड़ी देवाशीष निलोसे के साथ ही बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे। इस मौके पर नार्मदीय समागम के मुख्य कार्यालय का शुभारंभ भी किया गया। कार्यक्रम की ऑफिशल वेबसाइट भी लॉन्च की गई। नार्मदीय ब्राह्मण समाज के आईटी प्रोफेशनल्स, उद्योगपति, वकील, राजनीतिक, फिल्म, कला एवं साहित्य जगत की नामी हस्तियां इस समागम में शामिल होंगी।

### अलग-अलग सत्र में होगी सारगर्भित चर्चा

बैठक में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि दो दिवसीय आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही अलग-अलग विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसमें अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े समाजजन अपने विचार रखेंगे। समागम में महिला और युवा सम्मेलन का आयोजन भी किया जाएगा। इसके साथ ही नर्मदा चौराहे पर मां नर्मदा की प्रतिमा का अनावरण भी किया जाएगा। इस अवसर पर एक शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी। कार्यक्रम में आने वाले देश और विदेश के समाजजन के रुकने के लिए होम स्टे की सुविधा भी की जाएगी। आयोजन के लिए नार्मदीय ब्राह्मण समाज में जोरदार उत्साह देखने को मिल रहा है।

# लोकमान्य नगर में बनेगा एसटीपी प्लांट

## बगीचे के सौंदर्यीकरण के साथ योग शेड का भी होगा निर्माण; रेवेन्यू नगर में भी होगा डेवलपमेंट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लोकमान्य नगर में एसटीपी प्लांट बनाया जाएगा। इसके साथ ही बगीचे के सौंदर्यीकरण के साथ योग शेड का निर्माण भी होगा। ऐसे ही रेवेन्यू नगर में कई विकास काम होंगे।**

मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने रविवार को जोन 15 के वार्ड 72 में विभिन्न क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था, उद्यान और विकास कामों का निरीक्षण किया। इसके तहत दशहरा मैदान के पास बनाए गए संजीवनी क्लिनिक का भी निरीक्षण किया। इसके बाद मेयर ने लोकमान्य नगर, केसर बाग रोड, सिद्धार्थ नगर, अलंकार पैलेस कॉलोनी, रेवेन्यू नगर और अन्य



कॉलोनियों में सफाई व्यवस्था के साथ ही बगीचे के डेवलपमेंट और सीवरेज लाइन कामों के संबंध में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेयर ने सफाई व्यवस्था के संबंध में रहवासियों से चर्चा की। रहवासियों द्वारा लोकमान्य नगर में सीवरेज लाइन की निकासी की समस्या बताने पर मेयर ने जोनल अधिकारी नदीम खान को डीआरए के माध्यम से लोकमान्य नगर में एसटीपी प्लांट बनाने के लिए प्लानिंग तैयार करने के निर्देश दिए। इससे एसटीपी प्लांट से निकलने वाले ट्रीटेड वॉटर का क्षेत्र में स्थित उद्यानों में उपयोग किया जा सकेगा। साथ ही नागरिकों द्वारा अन्य उपयोग भी किया जा सके।

मेयर ने अलंकार पैलेस कॉलोनी में डाली जा रही स्टॉर्म वाटर लाइन काम का अवलोकन किया। साथ ही रेवेन्यू नगर में विकास कामों के लिए प्लानिंग तैयार करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर कमिश्नर मनोज चौरसिया, पार्षद योगेश गेंदर, स्वास्थ्य अधिकारी, सीएसआई और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मालवा-निमाड़ में बिजली की मांग 6500 मेगावाट के पार

## एक दिन में 11.60 करोड़ यूनिट बिजली की खपत

## सबसे ज्यादा इंदौर-धार में हुई सप्लाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मालवा और निमाड़ क्षेत्र में रबी सीजन की जोरदार सिंचाई होने पर बिजली की मांग उच्च स्तर पर रिकॉर्ड हुई है। शुक्रवार और शनिवार को पश्चिम क्षेत्र बिजली कंपनी की अधिकतम बिजली मांग 6500 मेगावाट के पार रही। दैनिक सप्लाई 11.60 करोड़ यूनिट से ज्यादा दर्ज हुई है।

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी की एमडी रजनी सिंह ने बताया कि, कंपनी क्षेत्र में करीब 14.25 लाख कृषि पंप संचालित होते हैं। इससे बिजली की मांग में उच्च स्थिति निर्मित हुई है। उन्होंने बताया कि, सिंचाई के लिए सभी 15 जिलों में रोज 10 घंटे सप्लाई व्यवस्था प्रभावी है, जबकि शेष उपभोक्ताओं घरेलू, गैर घरेलू, औद्योगिक आदि श्रेणी के लिए 24 घंटे बिजली सप्लाई हो रही है। पिछले 24 घंटों के दौरान 11.60 करोड़ यूनिट से ज्यादा सप्लाई हुई है। इसमें सबसे ज्यादा बिजली सप्लाई इंदौर और धार जिले में डेढ़ करोड़ से पौने दो करोड़ यूनिट, इसके बाद उज्जैन जिले में 1.36 करोड़ यूनिट, देवास जिले में 1.08 करोड़ यूनिट, रतलाम जिले में 88 लाख यूनिट, खरगोन जिले में 86 लाख यूनिट बिजली सप्लाई हुई। शेष जिलों में 35 लाख यूनिट से 60 लाख यूनिट की एक दिन में सप्लाई हुई।

### कंपनी क्षेत्र में नवंबर में 171 करोड़ यूनिट सप्लाई

कंपनी क्षेत्र में इसी वर्ष नवंबर के दौरान अब तक बिजली की 171 करोड़ यूनिट सप्लाई हुई है। 1 अप्रैल से अब तक 1824 करोड़ यूनिट बिजली वितरण हो चुका है।

# इंदौर से सागर और भोपाल रूट पर चलने वाली यात्री बसों की सघन चेकिंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशन में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर द्वारा लोक परिवहन वाहनों/बसों सहित अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। जिसमें वाहनों के फिटनेस, परमिट, बीमा, पीयूसी, कर प्रमाण पत्र आदि चेक किये जा रहे हैं। बसों में ओवरलोडिंग,अधिक किराया की भी जांच की जा रही है। लोगों को अपने वाहनों पर एचएसआरपी नम्बर प्लेट लगवाने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। वाहन की गति,स्पीड गवर्नर सहित दस्तावेज की चेकिंग की जा रही है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री प्रदीप शर्मा ने बताया कि आज विशेष रूप से नवलखा बस स्टैंड से संचालित बसों की चेकिंग की गई। इंदौर से सागर,इंदौर से भोपाल रूट की बसों की भी चेकिंग की गई । यात्रियों से अधिक किराया लेने, क्षमता से अधिक सवारी पाए जाने,परमिट शर्तों का उल्लंघन करने,बसों में विभिन्न कमियां पाए जाने पर 20 से अधिक वाहनों पर जुर्माना लगाया गया ।

### गुलमर्ग परिसर में चलाया अभियान

# रहवासियों ने मिलकर की पूरे परिसर की सफाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बायपास पर स्थित गुलमर्ग परिसर में अपना परिसर स्वच्छ परिसर अभियान के तहत रहवासी संघ के अध्यक्ष अजय पांडे के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया। इसमें समस्त गुलमर्ग रहवासी महिला-पुरुषों ने परिसर की सफाई की। गुलमर्ग परिसर की प्रणिता दीक्षित आदि ने सभी ब्लॉक के लोगों को साथ लेकर सफाई अभियान चलाया। अध्यक्ष पांडे ने सभी रहवासियों से आग्रह किया कि अपने परिसर को सुंदर एवं स्वच्छ बनाने में मदद करें एवं स्वच्छता अभियान के सहभागी बनें, ताकि शहर को स्वच्छता में नंबर वन रख सकें। इस पर रहवासियों ने स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।

### कटाक्ष




# नशा मुक्ति के क्षेत्र में एक लाख तक पुरुस्कार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मध्यप्रदेश शासन द्वारा राज्य में नशा मुक्ति के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों और स्वैच्छिक संगठनों को प्रोत्साहित करने हेतु राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय विवेकानंद नशा मुक्ति पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसमें राज्य स्तरीय पुरस्कार के रूप में 1 लाख रुपये के दो पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे, जबकि प्रत्येक जिले में तीन पुरस्कार 10 हजार रुपये के होंगे। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय ने इसके लिए योग्य संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 18 दिसंबर 2024 है। इसे संचालनालय के पते या ई-मेल पर जमा कराया जा सकता है। जिला स्तरीय पुरस्कार के लिए आवेदन जिला कार्यालय में जमा किए जाएंगे। अधिक जानकारी कार्यालयीन समय में संबंधित कार्यालयों या विभागीय वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

# ई-केवाईसी एवं आधार बैंक खाता लिंकिंग अनिवार्य

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत बहुत से किसानों ने अभी तक ई-केवाईसी और आधार बैंक खाता लिंकिंग नहीं कराया हैं। इस योजना का लाभ किसानों को साल 2019 से दिया जा रहा है, योजना का लाभ पाने के लिए ई-केवाईसी और आधार बैंक खाता लिंकिंग अनिवार्य कर दिया गया है। सभी हितग्राही किसानों को अगले 15 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से अपनी ई-केवाईसी और आधार बैंक खाता लिंकिंग कराने का आग्रह किया गया है। अगर किसान निर्धारित समय के भीतर यह प्रक्रिया पूरी नहीं करते हैं, तो वे इस योजना के लाभ से वंचित रह जाएंगे और इसके लिए उनकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी। ई-केवाईसी के लिए किसान अपनी संबंधित तहसील में संपर्क कर सकते हैं, जबकि आधार बैंक खाता लिंकिंग के लिए उन्हें संबंधित बैंक शाखा में जाना होगा।

# टैंकर चोरी में पकड़ाया आरोपी

## सोयाबीन तेल सहित 55 लाख कीमत का माल जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। समीपस्थ पीथमपुर पुलिस ने 14 नवंबर को प्रकाश साल्वेक्स कंपनी से सोयाबीन तेल से भरा टैंकर बरामद किया है। माल की कीमत करीब 54 लाख आंकी गई है। मामले में शामिल एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जबकि मुख्य मास्टर माइंड ड्राइवर फरार है।**

मामले में पीथमपुर उप निरीक्षक लोकेंद्र चौधरी ने बताया कि 14 नवंबर को पीडित गिरीश पिता वासुदेव इंदौर जिला इंदौर ने प्रकाश साल्वेक्स कंपनी पीथमपुर से 27 टन सोयाबीन का तेल टैंकर चालक गुलाब सिंह राजपूत के साथ इंदौर के लिए रवाना किया था। हालांकि, आरोपी गुलाब सिंह राजपूत पिता तोरण सिंह राजपूत निवासी ग्राम खलीलपुर लटेरी विदिशा ने माल बताए हुए स्थान पर न भेजकर अपना मोबाइल बंद कर रास्ते में ही बंद कर लिया था।

घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया था। मुखबिर की सूचना पर आरोपी धर्मेंद्र पिता त्रिलोक चंद्र निवासी मठिया कालोनी सागौर कुटी को गिरफ्तार किया। उससे सख्ती से पूछताछ करने पर वह टूट गया और उसने सारा घटना पुलिस को बताया। आरोपी ने बताया कि 14 नवंबर दोपहर गुलाब सिंह राजपूत उसके पास टैंकर लेकर आया था। उसने सोयाबीन का तेल टैंकर से निकालने के लिए धर्मेंद्र से बातचीत की। शाम को करीब 7 बजे गुलाब सिंह सोयाबीन तेल से भरा टैंकर लेकर उसके पास आया और उसने उस टैंकर से करीब 3100 किलो सोयाबीन तेल निकालकर आरोपी धर्मेंद्र को बेच दिया। पुलिस ने आरोपी धर्मेंद्र की निशानदेही पर सोयाबीन तेल से भरा टैंकर और उसके द्वारा खरीदा गया। सोयाबीन तेल करीब 27 टन वजनी और टैंकर कुल 54 लाख कीमत का माल जब्त किया गया। जबकि टैंकर चालक गुलाब सिंह राजपुत की तलाश के लिए पुलिस टीम प्रयास कर रही है।

थाना प्रभारी पीथमपुर राजेन्द्र सोनी और उनकी टीम उप निरीक्षक लोकेंद्र सिंग चौधरी, प्रधान आरक्षक धीरज जादौन, आर. आदर्श, आकाश, अनिकेत और करण की भूमिका सराहनीय रही।

## युवक की मौत में कार चालक पर प्रकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भमोरी इलाके में स्थित गैरेज में काम करने वाले युवक की मौत के मामले में पुलिस ने कार चालक पर केस दर्ज किया है। दरअसल वह कार और शटर के बीच फंस गया था, जिससे उसकी मौत हो गई। विजय नगर पुलिस के अनुसार मृतक छोटू पिता लल्लू शर्मा (29) निवासी सिंगापुर टाउनशिप है। पुलिस के मुताबिक छोटू शर्मा 31 अक्टूबर की शाम कार एमपी.09 सीएन 0288 और शटर के बीच फंस गया था। दुर्घटना के बाद छोटू गंभीर घायल हुआ था। गाड़ी और शटर के बीच से छोटू को जैसे-तैसे निकाला गया था। छोटू के सिर में गंभीर चोंटे आई थी और घटनास्थल पर ही छोटू की मृत्यु हो गई थी। इस मामले में कार चालक मोहित पिता लखन नालिया निवासी सोलसिंदा सांवेर के खिलाफ पुलिस ने जांच के बाद अब प्रकरण दर्ज किया है।

## गाय के हमले में घायल ने दम तोड़ा

इंदौर। गाय के हमले में घायल हुए बुजुर्ग की मौत हो गई । नशे की हालत में वह गौ पूजा की कोशिश कर रहा था। मृतक का नाम टके सिंह पिता भेरु सिंह निवासी राजाराम नगर बाणगंगा है। वह मूल रूप से देवास जिले का रहने वाला है। उसका बेटा इंदौर के बाणगंगा क्षेत्र में रहता है। वह दिवाली के बाद इंदौर आया था। गौ पूजा के लिए उसने तैयारी की। बताते हैं कि वह नशे की हालत में था, इसी हालत में गाय की पूजा करने की कोशिश की। गाय ने उसे सींग मार दिया था। गंभीर रूप से वह घायल हो गया था। इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

## गांजे के साथ पकड़ाई महिला

इंदौर। गश्त के दौरान पुलिस ने एक महिला को एक किलो से ज्यादा गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। वह पूर्व में भी गांजा तस्करी के मामले में गिरफ्तार हो चुकी है। परदेशीपुरा पुलिस टीम की रात्रि गश्त जारी है। इसी दौरान सब इंस्पेक्टर निधि मित्तल और उनकी टीम ने हुकुमचंद मिल में संदिग्ध महिला को एक थैली सहित पकड़ा और पूछताछ की गई तो अपना नाम वंदना थोरात निवासी परदेशीपुरा और थैले के अंदर हरी सब्जी रखी होना बताया और जब थैली को चैक किया तो उसके अंदर 1 किलो 307 ग्राम गांजा मिला। पकड़ी गई महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर गांजा तस्करों के बारे में पूछताछ की जा रही है। उक्त महिला को इससे पूर्व भी गांजा रखे जाने के अपराध में इसी वर्ष अप्रैल में पुलिस थाना परदेशीपुरा ने गिरफ्तार किया था।

## दहेज के लिए सताया

इंदौर । सदर बाजार के गणेश मंदिर के समीप जूना रिसाला में रहने वाली पायल विनय तिलवे ने शिकायत की कि उसे दहेज के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताडित किया गया। मामला करीब ढाई वर्ष पुराना है। शिकायत 23 अप्रैल 2022 को की गई थी और पुलिस ने अब जांच के बाद दहेज एक्ट में प्रकरण दर्ज कर पति विनय तिलवे, राजकुमारी तिलवे, नेहा तिलवे, राहुल तिलवे सभी निवासी मालवीय नगर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

# कलेक्टर के निर्देश पर स्ट्रीट फूड की जाँच

## खाद्य सुरक्षा प्रशासन की कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को इंदौर शहर में बिकने वाले स्ट्रीट फूड विशेषकर चायनीस फूड के साथ परोसे जाने वाले विभिन्न प्रकार की सॉस एवं चीज की जांच हेतु कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये थे। निर्देशों के परिपालन में अपर कलेक्टर श्री गौरव बैनल के मार्गदर्शन में स्ट्रीट फूट विशेषकर चायनीस फूड के साथ परोसे जाने वाले विभिन्न प्रकार की सॉस एवं चीज की सघन जाँच की गयी।**



खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा मेघदूत चौपाटी, विजय नगर में विभिन्न स्ट्रीट फूड वेंडर्स की सघन जांच की गई तथा टीम द्वारा खाद्य पदार्थ जैसे - मेंयोनीस,चीज,गार्लिक सॉस, पिज्जा,टॉपिंग चीज एंड चिली,टोमेटो कैचप,सेजवान सॉस,पास्ता पिज्जा सॉस,पिज्जा टॉपिंग क्रिमी टोमेटो आदि के कुल 08 नमूने जाँच हेतु लिए गए। इसी तरह एक अन्य कार्रवाई में सेज यूनिवर्सिटी स्थित मेस एवं कैंटीन का निरीक्षण जाँच टीम द्वारा किया गया। टीम द्वारा केंटीन से रेड चिल्ली सॉस,जीरावण मसाला,विनेगर, हक्का नूडल्स के कुल 04 नमूने तथा मेस से तुअर दाल एवं सौफ के कुल 02 नमूने लिए गए । जाँच के दौरान परिसर में कमियाँ भी पाई गई, जिनमें सुधार हेतु सुधार सूचना पत्र जारी किया जा रहा है। जाँच हेतु लिए गए सभी नमूनों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा जायेगा,जिनकी विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात आगामी वैधानिक कार्रवाई की जायेगी। आम नागरिकों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा सतत् कार्रवाई जारी रखी जायेगी।

# महाकाल जा रहे भक्तों हमला करने वालों का जुलूस निकाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भगवान महाकाल के दर्शन करने जा रहे भक्तों की गाड़ी पर पत्थर से हमला कर उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले बदमाशों को पुलिस ने पकड़कर उनका जुलूस निकाला।**

बाणगंगा थाना प्रभारी सियाराम सिंह गुर्जर ने बताया कि विगत दिनों ट्रैवलर गाड़ी पर सवार होकर उ‍ज्जैन महाकाल दर्शन करने जा रहे भक्तों की गाड़ी पर दो बदमाशों ने पत्थर से हमला किया था और बकायदा इसकी रील बनाकर सोशल मीडिया पर भी अपलोड की थी। मामला संज्ञान में आया तो वीडियो के आधार पर भक्तों की गाड़ी पर हमला करने बदमाशों की तलाश शुरू की। वारदात अरविंदों के नजदीक की थी, ऐसे में वहां लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। फुटेज से गाड़ी नंबर मिला उसके आधार पर पुलिस हमलावरों तक पहुंची और वारदात को अंजाम देकर रील बनाने वाले बदमाश रोशन पिता ललित झा और रितिक अहिरवार पिता विष्णुप्रसाद निवासी भवानीगर को गिरफ्तार किया। पुलिस दोनों को थाने लाई। इसके बाद पुलिस इन्हें घटनास्थल पर ले गई यहां डंडे बरसाते हुए इनका जुलूस निकाला। इस दौरान बदमाश गिड़गिड़ाकर माफी मांगने लगे।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से लॉन्ड्री कर्मचारी घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। विजय नगर इलाके में एक लॉन्ड्री कर्मचारी को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसा शनिवार रात को हुआ था पुलिस ने रविवार देर रात केस दर्ज किया है। पीडित कुलदीप पिता रामलाल अवचर (18) निवासी महालक्ष्मी नगर ने पुलिस को बताया कि वह शनिवार की रात 10 बजे लॉन्ड्री से कपड़े लेकर बाइक से डिलीवरी देने जा रहा था। विजय नगर क्षेत्र के पलाजा पार्क के सामने था तभी सफेद रंग की कार के चालक ने तेज रफ्तार चलाकर मेरी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में कुलदीप को गंभीर चोट आई। वहां से गुजर रहे लोगों ने 108 नंबर डायल करके एम्बुलेंस को बुलाया। एम्बुलेंस से मुझे एमवाय अस्पताल पहुंचाया।

## चाकू की नोक पर मोबाइल लूटा, आरोपी पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। ऑटो ड्राइवर रात में सवारी को लेकर निकला था कि घर से कुछ ही दूरी पर दो बदमाशों ने चाकू की नोक पर मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। तुकोगंज पुलिस के मुताबिक समीर खान निवासी काजी की चाल ने शुभम बिधौने और सागर वर्मा पर चाकू की नोक पर मोबाइल लूट का केस दर्ज कराया है। समीर के मुताबिक शनिवार की रात वह आटो चलाने के लिए घर से निकला था तभी इन दोनों ने घर से कुछ ही दूरी पर चाकू की नोक पर मोबाइल लूट लिया। पुलिस दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# बहाने से बुलाया और कर दिया हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एक व्यक्ति पर उसके परिचितों ने ही हमला कर उसे घायल कर दिया। दोनों पक्षों के बीच पुराना झगड़ा चल रहा था। फरियादी को घर से बाहर बुलाने के लिए आरोपियों ने फोन कर बहाना बनाया कि कोरियर आया है। फरियादी बाहर आया तो उसके साथ मारपीट कर डाली।**

हीरानगर पुलिस के अनुसार आशीष पिता रामचंद्र देवड़ा निवासी खातीपुरा की शिकायत पर आरोपी संतोष सेन, यशवंत मकवाना और गौरव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आशीष ने पुलिस को बताया कि वह घर पर था तभी उसके मोबाइल पर एक नंबर से फोन आया और कहा कि कोरियर आया है मैं आपके घर के बाहर खड़ा हूं। आशीष घर के बाहर निकला तो आरोपी बाहर खड़े थे। उन्होंने गालियां देकर विवाद शुरू कर दिया। आरोपियों ने आशीष पर हमला कर दिया। आशीष को बचाने उसकी पत्नी और मां आई तो उनके साथ भी मारपीट की। इसके बाद घर से जाते हुए जान से मारने की धमकी देकर गए हैं। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।

## नही लौटाई एक्टिवा

एमआईजी पुलिस ने शरद साकले की शिकायत पर बलराम उर्फ बल्लू पिता मुकेश पटेल निवासी नयापुरा ग्राम अजनोद पर अमानत में खयानत को लेकर केस दर्ज किया है। आरोपी उसके साथ कंपनी में काम करता है। वह उसकी एक्टिवा लेकर गया जो वापस नहीं की। पुलिस अब आरोपी बलराम की तलाश कर रही है। शरद ने अपनी शिकायत में बताया कि एसआई एसपी एल कंपनी में गार्ड है, उसकी पहचान काम के दौरान सिक्योरिटी गार्ड बलराम से हुई। बलराम ने बताया था कि उसे किराये का कमरा चाहिए।

# रील बनाने के चक्कर में डैम में डूबा युवक

**दोस्त को मोबाइल देकर कहा- मैं पानी में कूदूंगा, तू वीडियो बना लेना; तलाश जारी**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना,(एजेंसी)। गुना जिले के गोपीसागर डैम में रविवार शाम एक युवक रील बनाने के चक्कर में डूब गया। उसने अपने दोस्त को मोबाइल देकर कहा कि उसे तैरना आता है। वह पानी के कूदेगा तो उसको वीडियो बना ले। सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची है और युवक की तलाश कर रही है।**

जानकारी के अनुसार, शहर के कुसमौदा में रहने वाला दीपेश लोधा (20) दोस्त के साथ शाम लगभग 5 बजे गोपीसागर डैम पर पहुंचा। दोनों डैम के पानी निकासी वाली साइड पर चले गए। यहां से नहर निकली है। नहर में काफी पानी भरा है।

दीपेश ने अपने दोस्त से कहा कि उसे रील बनाने है। उसने अपने दोस्त को मोबाइल दे दिया। अपने दोस्त से दीपेश ने कहा कि उसे तैरना आता है। वह पानी में कूदेगा, तो उसकी वीडियो बना ले। इसके बाद दीपेश पानी में कूद गया। उसे शायद अंदाजा नहीं था कि पानी काफी गहरा है। वह डूबने लगा, लेकिन उसके दोस्त को तैरना नहीं आता था। उसके दोस्त ने डैम के ऊपर आकर लोगों को सूचना दी। सभी लोग नीचे पहुंचे, तब तक दीपेश डूब चुका था। उन्होंने धरनावदा पुलिस को सूचना दी। पुलिस की सूचना पर गुना से टीम मौके पर पहुंची और युवक की तलाश शुरू की। धरनावदा थाना प्रभारी रक प्रभात कटारे ने बताया कि शाम 5 बजे के आसपास की घटना है। वीडियो बनाने के चक्कर में युवक डूब गया। उसकी तलाश की जा रही है।

# बांधवगढ़ में हाथियों की मौत से सबक, ऑपरेशन वाइल्ड ट्रेप चलेगा

**एक दिसंबर से दो माह तक होगी वन्य प्राणी एरिया में गश्त**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, (एजेंसी)। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 10 हाथियों की मौत के बाद वन विभाग ने वन्य प्राणी क्षेत्रों में गश्त तेज करने और अवैध शिकार करने वालों पर कार्रवाई के लिए ऑपरेशन ह्वाइल्ड ट्रैप्ह चलाने का फैसला किया है।**

यह अभियान 1 दिसंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक चलेगा। अभियान के तहत जांच दल के अधिकारी हर 15 दिन में अपने एरिया की गश्त से संबंधित रिपोर्ट सौंपेंगे। वन विभाग ने यह भी कहा है कि जिन क्षेत्रों में गश्त नहीं होगी, वहां के काम का रिव्यू कर कार्रवाई की जाएगी।

### इन अधिकारियों को भेजी गई चिट्ठी

इस अभियान के क्रियान्वयन के लिए मुख्य वन संरक्षक, क्षेत्रीय वन संरक्षक, टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक, राष्ट्रीय उद्यान संचालक, क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधक वन विकास निगम, सभी क्षेत्रीय वन्यजीव वन मंडल अधिकारी और संभागीय प्रबंधक वन विकास निगम को निर्देश दिए गए हैं। इनसे कहा गया है कि वे वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करें और अभियान की कार्यवाही की रिपोर्ट वन मुख्यालय को भेजें।

### गश्ती दल में 15 डॉग स्क्वाड का दस्ता साथ चलेगा

अभियान के दौरान वन क्षेत्र या राजस्व-वन क्षेत्र की सीमा पर विद्युत लाइनों के नीचे अनिवार्य रूप से गश्ती के निर्देश दिए गए है। इसके साथ ही फॉरिस्ट से लगे कृषि क्षेत्रों में लगी फेसिंग या बागड़ की सर्चिंग होगी। हर गश्ती दल में 15 डॉग स्क्वाड का दस्ता और मैटल डिटेक्टर हैंडलर दस्ता भी चलेगा। गश्ती के दौरान कहीं भी फंदे या लेग होल ट्रैप में वन्यजीव फंसा मिलता है, तो तत्काल रेस्क्यू स्क्वाड की मदद से मुक्त कराकर घायल होने पर इलाज कराया जाएगा, स्वस्थ्य होने पर जंगल में छोड़ा जाएगा। इलेक्ट्रोक्यूशन पाए जाने पर विद्युत विभाग की मदद से विद्युत आपूर्ति बंद कराकर कार्यवाही की जाएगी। वन अपराध में पूर्व में लिप्त रहे आरोपियों को निगरानी रजिस्टर में दर्ज कराया जाएगा। जरूरत पड़ने पर स्थानीय पुलिस की मदद ली जाएगी।

# नक्सलियों से मुठभेड़ मुरैना का जवान घायल

**गोंदिया के अस्पताल में भर्ती, जंगल में बड़े स्तर पर सर्चिंग जारी**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बालाघाट, (एजेंसी)। बालाघाट जिले में रविवार को हॉक फोर्स और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें एक जवान घायल हुआ है। उसे पड़ोसी जिले गोंदिया (महाराष्ट्र) के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। जवान शिवकुमार शर्मा मुरैना का रहने वाला है।**

पुलिस अधीक्षक नगेंद्र सिंह के मुताबिक, घटना रविवार सुबह 11 से दोपहर 12 बजे के बीच की है। पुलिस को जीआरबी डिवीजन के नक्सलियों के होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद हॉक फोर्स की टीम ने सर्च अभियान चलाया।

फोर्स जब रूपझर थाना अंतर्गत सोनगुड्डा चौकी के कुंदुल जंगल में थी, तभी हॉक फोर्स और नक्सलियों में आमना-सामने हो गया। वहां मौजूद 12 से 15 नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में इधर से भी फायरिंग की गई, लेकिन इस दौरान एक गोली आरक्षक शिवकुमार शर्मा को लग गई। आईसीयू में उनका इलाज चल रहा है। घटना के बाद जंगल में नक्सलियों की तलाश के लिए बड़ी संख्या में सुरक्षाबलों को भेजा गया है।

# कार्तिक अगहन मास की बाबा महाकाल की तीसरी सवारी आज निकलेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, निप्र।** श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर से श्रावण-भादो के साथ ही कार्तिक-अगहन मास में भी भगवान श्री महाकालेश्वरी की सवारी मंदिर से नगर भ्रमण पर निकलती है। आज सोमवार को अगहन मास की तीसरी सवारी सायं 4 बजे मंदिर के सभा मंडप में पूजन अर्चन के पश्चात सायं 4 बजे राजसी वैभव के साथ नगर भ्रमण पर निकलेगी। पालकी में भगवान महाकाल चंद्रमौलीश्वर स्वरूप में भक्तों को दर्शन देंगे। सवारी के आगे पुलिस बैंड, घुड़सवार दल,सशस्त्र पुलिस बल के जवान, डमरू दल के सदस्य शामिल रहेंगे। श्री महाकालेश्वर से कार्तिक-अगहन मास की तीसरी सवारी सायं 4 बजे मंदिर से प्रारंभ होकर महाकाल घाटी,गुदरी,बक्षी बाजार, कहारवाडी होते हुए रामघाट शिप्रा तट पहुंचेगी। रामघाट पर पुण्य सलिला शिप्रा माँ के जल से अभिषेक,पूजन के पश्चात सवारी रामघाट से गणगौर दरवाजा, मोढ़ की धर्मशाला,कार्तिक चोक,खाती का मंदिर, श्री सत्यनारायण मंदिर, ढाबा रोड,गोपाल मंदिर,पटनी बाजार,गुदरी बाजार, महाकाल घाटी होकर पुनः मंदिर पहुँचेगी।

# रतलाम मेडिकल कॉलेज के 150 स्टूडेंट बने डॉक्टर

**दीक्षांत समारोह में मिली डिग्री, हेड ओपन कर मनाई खुशी**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम,(एजेंसी)।** रतलाम के डॉ. लक्ष्मी नारायण पांडेय सरकारी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस का पहला बैच निकला। 150 स्टूडेंट डॉक्टर बने। काले रंग के ग्रेजुएशन गाउन और कैप पहन डॉक्टरी पेशेंट से जुड़ी सेवा की शपथ ली। दीक्षांत समारोह प्रदेश के एमएसएमई मंत्री चेतन्य काश्यप एवं मेडिकल कॉलेज के संस्थापक प्रथम डीन वर्तमान में इंदौर शासकीय मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. संजय दीक्षित की उपस्थिति में हुआ। 2018 में शुरू हुई पहली बैच के 150 स्टूडेंट को एमबीबीएस की डिग्री दी गई। मंत्री चेतन्य काश्यप ने कहा के प्रथम बैच समाज की सेवा के लिए जो तैयार हुआ है, रतलाम व मध्यप्रदेश के लिए गौरव का क्षण है। समाज के वंचित इलाकों व क्षेत्रों में जाकर सेवा की भावना से कार्य करें। यह आपके जीवन के लिए एक माइल स्टोन है। यहां आपके जीवन का निर्माण हुआ है। आप आगे चलकर इस कॉलेज का नाम रोशन करेंगे। अपने जीवन में सदैव सेवा का भाव रखें। कॉलेज के प्रथम डीन डॉ. संजय दीक्षित ने कॉलेज के निर्माण से लेकर अब तक की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मंत्री काश्यप के साथ कॉलेज को लेकर बहुत मेहनत की। हर माह कॉलेज को लेकर काश्यप जी चर्चा करते थे। यह इसी का परिणाम है कि जितने भी मेडिकल कॉलेज बने हैं उसमें सबसे अच्छा रतलाम का मेडिकल कॉलेज है। कॉलेज की डीन डॉ. अनीता मुथा ने रतलाम मेडिकल कॉलेज की प्रगति, उपलब्धियां एवं उसमें योगदान देने वाले व्यक्तियों का जिक्र किया। पहली बैच के सभी स्टूडेंट को एमबीबीएस की डिग्री देकर सम्मानित किया। डिग्री पाने के बाद सभी ने सभी हेड ओपन कर खुशियां मनाई। कार्यक्रम में पद्मश्री डॉ. लीला जोशी, महापौर प्रह्लाद पटेल, मनोहर पोरवाल, गोविंद काकानी, हेमंत राहोरी, कॉलेज के प्रोफेसर, स्टूडेंट तथा उनके पैरेंट्स आदि मौजूद रहे।

# बड़वानी जिले के 4626 छात्रों को नहीं मिली साइकिल

**विधायक बोले- साइकिल वितरण में बड़े स्तर पर घोटाला, इसकी जांच हो**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वानी,(एजेंसी)।** शिक्षा सत्र आधा बीत चुका है, लेकिन बड़वानी जिले के 4 हजार 626 छात्र-छात्राओं को साइकिल नहीं बांटी गई। इस पर रविवार को विधायक ने इंद्रजीत छात्रावास पहुंचकर साइकिलों को देखा और इसकी गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े किए। विधायक राजन मंडलोई का कहना है कि इन साइकिलों का बीआरसी कार्यालयों के माध्यम से स्कूलों में वितरण होना है। जिन छात्र-छात्राओं को साइकिल मिलना है, उन्हें अभी तक साइकिल नहीं मिली, जबकि सत्र अंतिम दौर में आ गया है। वहीं साइकिलों की साइज ऐसी है, जैसे प्राइमरी के बच्चों की दी जाना है। जब इसे नौवीं के बच्चों को साइकिल दी जाना है तो बड़ी होनी चाहिए। साइकिल वितरण में बड़े स्तर पर घोटाला किया गया है। इसकी जांच होना चाहिए।

वहीं जिला शिक्षा अधिकारी शीला चौहान का कहना है कि शिक्षा विभाग ने इस सत्र में कक्षा नौवीं के 4626 विद्यार्थियों का चयन किया था, जिसके आधार पर एवन कंपनी, लुधियाना से साइकिलों के पार्ट्स लाकर तैयार कर रही है। कंपनी हमें पूरी साइकिल कंप्लीट कर हैंडओवर करेगी, उसके बाद ही साइकिलों का वितरण होगा।जिला शिक्षा अधिकारी के मुताबिक, जिले के 7 विकासखंडों में कुल 4626 विद्यार्थियों को साइकिल दी जाना है। इसमें छात्रों की संख्या 2456 और छात्राओं की संख्या 2170 है। हर साइकिल का मूल्य 3800 रुपए है।

झारखंड से आए साइकिल तैयार करने वाले कर्मचारी के अनुसार एवन कंपनी को बड़वानी जिले में 6 हजार साइकिल का ऑर्डर मिला है। प्रत्येक साइकिल का रेट 3800 रुपए तय किया है। वहीं साइकिल तैयार करने वाले मजदूरों की मजदूरी प्रति साइकिल 80 रुपए दी जाना है।

# मोटर साइकिल सवार हुए सड़क हादसे का शिकार

**एक नागा साधु की मौत, एक की हालत गंभीर**

**बड़वानी।** जिले के ग्राम तलवाड़ा बुजुर्ग के बालकुआं रोड़ पर रविवार दोपहर 2 बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार दो नागा साधु पुलिया से गुजरते समय बाईक सहित निचे जा गिरे। एक नागा साधु की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। डायल 100 से दोनों को गंभीर अवस्था में अंजड़ सिविल अस्पताल लाया गया। जहां डॉ अर्जुन तरोले ने जांच के बाद एक नागा साधु को मृत घोषित किया। अन्य नागा साधु की हालत गंभीर होने से उसे जिला अस्पताल रैफर किया गया है।

# बीच बाजार गैस सिलेंडर में ब्लास्ट, 38 झुलसे

**100 मी. तक फैली लपटें, भगदड़ जैसे हालात बने**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर ,(एजेंसी)।** छतरपुर में बीच बाजार गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। हादसे में 38 लोग झुलस गए। इनमें बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं। 34 घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं, 4 मामूली घायलों का बिजावर के निजी क्लिनिक पर ही इलाज किया गया। घटना रविवार दोपहर ढाई बजे बिजावर के बस स्टैंड पर हुई। घायलों में शामिल एक स्थानीय दुकानदार नीलू बघेल ने बताया कि पेटीज के ठेले पर सिलेंडर से पहले गैस लीक हुई और फिर ब्लास्ट हो गया।

### ब्लास्ट के बाद मची भगदड़

घायलों ने बताया कि पेटीज की दुकान में तीन सिलेंडर रखे हुए थे। इनमें से एक फट गया। रविवार को बाजार लगता है इसलिए वहां बहुत भीड़ थी। धमाके के बाद भगदड़ जैसे हालात बन गए। आसपास के 100 मीटर तक के दायरे में लपटें उठीं। कई लोगों ने भागने की कोशिश की, फिर भी जल गए। घायलों में महिलाएं, बच्चे और बड़े सभी शामिल हैं। पुलिसकर्मी बच्चों को गोदी में उठाकर अस्पताल लाए।

## संपादकीय

### श्रीलंका में राष्ट्रपति दिसानायके ने बदला देश का मिजाज, अगले कदम पर सभी की निगाहें

श्रीलंका दो साल पहले की उथल-पुथल से उबरते हुए अब एक नई राह पर है। पिछले दिनों शांतिपूर्वक हुए संसदीय चुनावों से स्पष्ट है कि देश अतीत की त्रासद छाया से निकल रहा है। नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) ने सभी वर्गों और समुदायों का समर्थन हासिल कर जता दिया है कि उस पर और राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके पर पूरे देश को भरोसा है। गौरतलब है कि दिसानायके की पार्टी एनपीपी को संसदीय चुनाव में साठ फीसद से अधिक मत प्राप्त हुए हैं। इस तरह श्रीलंका के इस प्रमुख दल को संसद में दो-तिहाई बहुमत मिल गया है। प्रतिद्वंद्वी प्रेमदासा की पार्टी चालीस सीटों पर सिमट कर रह गई। बाकी को गिनती की सीटें मिलीं। शानदार जीत के साथ एनपीपी ने विपक्षी दलों पर बढ़त तो बनाई ही, एक दूरगामी संदेश भी दिया है। यह कम बड़ी बात नहीं कि तमिल अल्पसंख्यकों के गढ़ जाफना में उसने अपने प्रभुत्व को बनाए रखा और वहां की छह में से तीन सीटें अपनी झोली में डाल लीं। वहां वर्षों वर्चस्व बनाए रखने वाली तमिल पार्टियों को इससे गहरा झटका लगा है। जबकि इससे पहले कभी सिंहली बहुल पार्टी जाफना प्रांत में अपने पैर नहीं जमा पाई थी। एनपीपी की विजय को दिसानायके के उस बयान के परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी पार्टी को सभी समुदायों के बीच स्वीकार किया जा रहा है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति चुनाव जीतने के तुरंत बाद उन्होंने संसद का चुनाव कराने का एलान कर दिया था। उस समय दिसानायके ने कहा था कि देश की शक्तियां काफी हद तक राष्ट्रपति के अधीन हैं और इसे कम किया जाना चाहिए। इसके लिए उन्होंने लोगों से दो-तिहाई सीटें जिताने की अपील की थी। राष्ट्रपति के अधिकारों को लेकर श्रीलंका में सवाल उठते रहे हैं। मगर किसी भी दल ने कोई पहल नहीं की। अब उम्मीद की जा रही है कि दिसानायके न केवल भ्रष्टाचार पर लगाम लगाएंगे, बल्कि राष्ट्रपति की शक्तियां कम करने के अपने वादे को भी पूरा करेंगे। दो-तिहाई बहुमत मिलने के बाद उन्हें देशहित में कोई भी कदम उठाने की ताकत मिल गई है। दिसानायके का अगला कदम क्या होगा, इस पर सभी की निगाह रहेगी।

isha



**जब आप सही दिशा में बढ़ते हैं, तब आपके पास दुनिया की दिशा को ही बदल देने की शक्ति होती है।**


– जग्गी वासुदेव

### सैर सपाटा

# छत्तीसगढ़ का जगदलपुर खूबसूरती के लिए है मशहूर

## जानिए यहां घूमने की 5 सबसे अच्छी जगह

घूमना फिरना पसंद करने वाले लोगों को नई जगहों को एक्सप्लोर करना अच्छा लगता है। अगर आप भी नई जगहों को एक्सप्लोर करना पसंद करते हैं तो छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में जाएं। छत्तीसगढ़ खूबसूरती और कुछ अद्भुत जगहों के लिए पूरे भारत में फेमस है। आइए, जानते हैं जगदलपुर में घूमने की बेस्ट जगह-



### कुटुमसर गुफाएं

तीरथगढ़ झरने के पास कैलाश और कुटुमसर गुफाएं भूमिगत गुफाएं हैं जो जमीन से 35 मीटर नीचे हैं। दो किलोमीटर की लंबाई के साथ, ये दुनिया की दूसरी सबसे लंबी नेचुरल गुफाएं मानी जाती हैं। गुफा के अंत की ओर एक शिवलिंग के आकार की एक स्टैलेग्माइट संरचना है।

### बस्तर पैलेस



बस्तर पैलेस को जगदलपुर पैलेस के नाम से भी जाना जाता है। ये जगदलपुर का एक ऐतिहासिक महल है। जिसे 20वीं शताब्दी के दौरान बस्तर राज्य के शासकों द्वारा बनाया गया था। यह महल बस्तर क्षेत्र की पारंपरिक वास्तुकला से बनाया गया है।

### चित्रधारा वॉटरफॉल



यह हरे-भरे जंगलों और चट्टानी इलाके के बीच स्थित है, जहां से पर्यटकों को एक सुंदर नजारा देखने को मिलता है। झरना ऊंचाई से नीचे गिरता है और आधार पर एक प्राकृतिक पूल बनाता है, जो तैराकी और दूसरी वॉटर एक्टिविटीज के लिए अच्छा है।

### दंतेश्वरी मंदिर

दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा शहर में स्थित एक फेमस हिंदू मंदिर है। यह मंदिर देवी दंतेश्वरी को समर्पित है, जिन्हें देवी शक्ति का अवतार माना जाता है। कहते है कि यह मंदिर 14वीं शताब्दी में बनाया गया था और यह इस इलाके के सबसे खास मंदिरों में से एक है। यह शंकिनी नदी के किनारे पर है और सुंदर पहाड़ियों और जंगलों से घिरा हुआ है।



### कांगेर वैली नेशनल पार्क

कांगेर वैली नेशनल पार्क का नाम कांगेर नदी से लिया गया है। इसे एशियाई बायोस्फीयर रिजर्व के रूप में घोषित किया गया था और यह हर प्रकृति प्रेमी के लिए ये जगह एक स्वर्ग है। बाघ, भौंकने वाले हिरण, भालू, लकड़बग्घा, सियार, भालू, काला हिरण, लंगूर, भेड़िया और कई सरीसृप जैसे जीवों के साथ यह नेशनल पार्क अपने आप में एक छोटा जंगल है।



New Delhi

# दुश्मन अब कैसे झेलेगा भारत की मार, तैयार हुआ हाइपरसोनिक हथियार, क्या हैं खासियत

**नई दिल्ली, (एजेंसी) DRDO यानी रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन की मदद से भारत ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। रविवार को लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया गया। इसके साथ ही भारत उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है जिनके पास अत्यधिक तेज गति से और हवाई रक्षा प्रणालियों से बचते हुए हमला करने की क्षमता वाला हथियार है।**

भारत की हाइपरसोनिक मिसाइल की खासियत में विकसित किया गया है। PIB के अनुसार, इस हाइपरसोनिक मिसाइल को सशस्त्र बलों के लिए 1,500 किलोमीटर से अधिक की दूरी तक विभिन्न विस्फोटक सामग्री ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है। जानकार हाइपरसोनिक सिस्टम्स को राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में गेम चेंजर भी मानते हैं।



हाइपरसोनिक यानी आवाज से 5 गुना ज्यादा और इसे मैक5 भी कहा जाता है। आसान भाषा में समझें तो प्रति सेकंड एक मील की रफ्तार हो सकती है। हाइपरसोनिक मिसाइलों को अत्यधिक गतिशील और तेज माना जाता है क्योंकि वे बीच में ही रास्ता बदल सकती हैं। HGV यानी हाइपरसोनिक ग्लाइड व्हीकल और हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल्स दो तरह के हाइपरसोनिक हथियार होते हैं। अब HGV को रॉकेट से लॉन्च किया जाता है। जबकि, HCM हाई स्पीड इंजन या स्क्रैमजेट्स से संचालित होती हैं।

Rajasthan

## राजस्थान में दुल्हन पक्ष के 8 लोगों को कार से कुचल डाला, बारात में मची चीख-पुकार

**दौसा, (एजेंसी) राजस्थान के दौसा जिले में हिट एंड रन जैसा मामला सामने आया है। लालसोट उपखंड में स्थित लाडपुरा गांव में रविवार रात पटाखों को लेकर हुई कहासुनी में बारात में आए युवक ने अपनी कार से वधू पक्ष के कई लोगों को कुचल दिया। जिससे लोग बुरी तरह से घायल हो गए। वहीं एक किशोर ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है। इस हादसे के बाद बारात में चीख-पुकार मच गई।**

मामले की सूचना मिलने पर शादी समारोह में मौजूद लालसोट विधायक रामबिलास मीना सहित अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे। लेकिन तब तक आरोपी कार लेकर फरार हो गया था। विधायक रामबिलास मीना ने अपनी कार से कई घायलों को लालसोट जिला अस्पताल में भर्ती कराया। 8 लोगों का प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें गंभीर हालत में दौसा और जयपुर रेफर कर दिया। वहीं, गोलू मीना (17) निवासी लाडपुरा की जयपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई।

दरअसल, जिले के लालसोट थाना क्षेत्र के लाडपुरा गांव निवासी कैलाश मीना की बेटी की शादी थी। निवाई के भगवतपुरा गांव से बारात आई थी। ऐसे में शादी समारोह में लालसोट विधायक रामबिलास मीना भी पहुंचे थे। रात करीब साढ़े 8 बजे बाराती और वधू पक्ष के लोगों में पटाखों को लेकर मामूली कहासुनी हुई थी। इसके बाद आरोपी युवक ने कार से वधू पक्ष के लोगों को कुचल दिया।

Uttarpradesh

## मणिपुर के हालातों पर आज MHA की हाई लेवल मीटिंग, सुरक्षा एजेंसियों के चीफ से बात करेंगे अमित शाह

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** मणिपुर में एक बार फिर हिंसा की घटनाएं सामने आने लगी हैं. हालात की गंभीरता को देखते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में आज 12 बजे हाई लेवल मीटिंग बुलाई गई है. इस बैठक में केंद्रीय गृह सचिव, IB चीफ, एडिशनल सेक्रेटरी (नॉर्थ ईस्ट), स्पेशल सेक्रेटरी (इंटरनल सिक्योरिटी), अर्द्ध सैनिक बलों के अधिकारी के साथ साथ मणिपुर के आला अफसर शामिल रहेंगे. बता दें कि इससे पहले मणिपुर के ताजा हालात पर एक दिन पहले ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक की थी. बैठक में मणिपुर की सुरक्षा स्थिति को लेकर समीक्षा की गई.



Rajasthan

## 'टशनबाजी में मिलाया था फोन...', जयपुर में बम की धमकी मामले में मामा-भांजा गिरफ्तार

**जयपुर, (एजेंसी)** राजस्थान के जयपुर की छोटी और बड़ी चौपड़ को बम ब्लास्ट से उड़ाने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने एक मामा और भांजे की जोड़ी को गिरफ्तार कर लिया है. दोनों से पूछताछ में हैरान करने वाली बात सामने आई है. दोनों ने सिर्फ अपनी टशन दिखाने के लिए बम ब्लास्ट की धमकी दे डाली थी. गौरतलब है कि शुक्रवार को सुबह के वक्त कंट्रोल रूम में एक व्यक्ति ने फोन कर छोटी व बड़ी चौपड़ पर बम ब्लास्ट करने की धमकी दी थी. जानकारी के मुताबिक पुलिस की अब तक की जांच में सामने आया है कि सिम कार्ड पिंटू उर्फ प्रवीण के नाम की थी. मामा और भांजा दोनों मजदूरी करते हैं. शुक्रवार को मामा और भांजा दोनों एक साथ बैठे थे. शराब के नशे में बातचीत के दौरान दोनों ने टशन और रुतबा दिखाने के चक्कर में पुलिस कंट्रोल रूम में बम ब्लास्ट की धमकी दे डाली. पुलिस ने धमकी देने वाले की आवाज भी मैच कर दी है. इस पूरे मामले को लेकर विद्या पूरी थानेदार पूनम चौधरी का कहना है कि पुलिस ने धमकी भरी कॉल करने वाले मोबाइल नंबर को ट्रेस कर संदिग्ध लोगों को डिटेन कर पूछताछ शुरू की. पूछताछ में आरोपी ने अपने मामा के साथ शराब के नशे में कॉल करना स्वीकार किया.



खेल

# जापान को हराकर भारत पांचवीं बार बना विजेता नवनीत कौर बनीं प्लेयर ऑफ द मैच

**नालंदा, (एजेंसी)** राजगीर के अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेले जा रहे एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप टूर्नामेंट के पांचवें दिन का पहला मुकाबला मलेशिया और थाईलैंड के बीच शुरू हुआ। दोनों टीम ने एक दूसरे को कड़ा मुकाबला देते हुए दूसरे क्वार्टर तक बराबरी बनाए रखा। दूसरे मुकाबले तक कोई भी टीम एक दूसरे के विरुद्ध कोई गोल नहीं कर सकी, परंतु तीसरे और चौथे क्वार्टर में मलेशिया ने थाईलैंड पर एक-एक कर कुल दो गोल दाग कर थाईलैंड पर अपना जीत दर्ज किया। इसके साथ ही सेमीफाइनल के लिए अपना जगह सुरक्षित कर लिया।




तीसरे क्वार्टर में मलेशिया के नूर अजहर ने पहला गोल दाग कर थाईलैंड पर मानसिक दबाव बनाया। वहीं चौथे क्वार्टर में एमडी नूर ने दूसरा गोल दागा। थाईलैंड के गोलकीपर पर सिराया का 100 वां मैच पूरा होने पर मैच प्रेजेंटेशन के दौरान हॉकी इंडिया और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। वहीं दूसरा मैच चायना और कोरिया के बीच खेला गया। इस दौरान चायना के तन जिनजियांग नें बेहतर प्रदर्शन करते हुए दो गोल दागकर कोरिया को शिकस्त दी और मैच 2-0 से जीत लिया। तन जिनजियांग प्लेयर ऑफ द मैच रही। वहीं कोरिया के लिए यह मैच काफी महत्वपूर्ण होने के बाद भी वह कुछ भी नहीं कर पाई और शुन्य पर आउट हो गई। इस तरह कोरिया को सेमीफाइनल तक पहुंचने पर पानी फिर गया।

अपने जीत के सफर को आगे बढ़ाते हुए भारत ने जापान को करारी शिकस्त दी। हालांकि जापान ने भी दो क्वार्टर तक भारत से कड़ा मुकाबला करते हुए बराबर का दबाव बनाये रखा, परंतु भारतीय टीम ने हर मैच की तरह इस मैच में भी तीसरे क्वार्टर में अपना पहला गोल दागा। नवनीत कौर ने भारत के लिए पहला गोल निकाला। वहीं चौथा क्वार्टर भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण रहा। भारतीय शेरनी दीपिका ने लगातार दो प्लेटी कॉर्नर का लाभ उठाते हुए जापान पर दो गोल दागे। इस तरह से भारत का यह सफर काफी महत्वपूर्ण रहा। बेहतर प्रदर्शन एवं लंबी दूरी को लेकर नवनीत कौर प्लेयर ऑफ द मैच रही।

सिनेमा

## दिलजीत दोसांझ का नोटिस मामले पर रखी शर्त, बोले- कसम खाता हूं शराब पर गाने नहीं गाऊंगा अगर...



सुपरस्टार सिंगर दिलजीत दोसांझ ने गुजरात में आजोजित उनके एक कॉन्सर्ट में तेलंगाना सरकार से मिले नोटिस वाली बात पर जवाब दिया है। दिलजीत ने तेलंगाना सरकार को जवाब देते हुए कहा कि अगर सभी राज्य अपने यहां शराब बंद कर दें तो वह कसम खाते हैं कि आज के बाद शराब पर कोई गाना नहीं गाएंगे। उन्होंने कहा- बहुत बड़ा रेवेन्यू है शराब से आने वाला। युवाओं को बेवकूफ नहीं बना सकते आप। दिलजीत दोसांझ ने कहा कि बॉलीवुड के कलाकार शराब का विज्ञापन करते हैं और ना तो वह शराब पीते हैं और ना ही इसे प्रमोट करते हैं। उनके लिए तो बहुत आसान है शराब पर गाने ना गाना। दिलजीत ने कहा कि उनके गिनते के चार गाने हैं शराब पर वो नहीं गाएंगे तो कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

मालूम हो कि दिलजीत दोसांझ पॉपुलैरिटी बीते कुछ सालों में तेजी से बढ़ी है। उनके हर कॉन्सर्ट में हजारों की तादात में लोग पहुंचते हैं और उन्हें भारत के साथ-साथ विदेशों में भी खूब प्यार मिल रहा है। लेकिन हाल ही में जब तेलंगाना में उनका एक कॉन्सर्ट था तो उन्हें सरकार से नोटिस मिला कि वो शराब पर कोई गाना नहीं गाएंगे क्योंकि इससे युवाओं और बच्चों पर गलत असर पड़ता है। दिलजीत दोसांझ ने गुजरात में आयोजित अपने इस कॉन्सर्ट में कहा, 'एक खुशखबरी है। आज मुझे कोई नोटिस नहीं आया है।

## Highlights

1. **Thermal plants pollute Delhi's air 16x more than stubble burning: Study**
2. **T'gana govt to exempt EV buyers from road tax, registration fees**

# Tomato prices dropped by over 22% in a month, says Centre



**NEW DELHI, (Agency).** Tomato retail prices dropped by over 22 per cent in a month due to improved supply, according to a statement from the Department of Consumer Affairs on Sunday.

As of November 14, the average retail price of tomatoes nationwide was ₹52.35 per kg, down from ₹67.50 per kg on October 14. In Delhi's Azadpur mandi, prices fell nearly 50 per cent, from ₹5,883 to ₹2,969 per quintal, thanks to increased arrivals. Similar price drops were reported in major markets like Pimpalgaon, Madanapalle, and Kolar.

The Department of Agriculture estimates tomato production at 213.20 lakh tonnes for 2023-24, a 4 per cent increase from 204.25 lakh tonnes in 2022-23. Although tomatoes are grown year-round, production levels vary due to seasonal cycles.

What led to recent price drop of tomato?

The recent surge in prices during October was due to prolonged rains in Andhra Pradesh and Karnataka, affecting crop quality and logistics. October and November mark key planting months in major tomato-producing states, but supplies have improved with arrivals from regions in Maharashtra, Madhya Pradesh, and Gujarat.

With favourable weather now, the tomato supply chain is flowing smoothly, ensuring stable prices across the country.

Despite the recent monthly drop, tomato prices remain high year-on-year, rising 161 per cent, according to a recent ICICI Bank report. While vegetable prices in November eased by 4.1 per cent month-on-month, essential vegetables like tomatoes, potatoes, and onions showed sharp year-on-year price hikes of 161 per cent, 65 per cent, and 52 per cent, respectively.

# ध्रुव कंसल्टेंसी ने H1 FY25 में राजस्व में 53% की प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुंबई।** ध्रुव कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड (बीएसई – 541302: एनएसई – ध्रुव), जो भारत की प्रमुख इन्फ्रास्ट्रक्चर कंसल्टेंसी कंपनियों में से एक है, ने Q2 और H1 FY25 के लिए अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम जारी किए हैं। मुख्य वित्तीय हाइलाइट्स (स्टैंडअलोन): Q2 FY25: कुल राजस्व: 32.92 करोड़, सालाना वृद्धि 42.88% , EBITDA: 3.95 करोड़ , EBITDA मार्जिन: 12.00% ,शुद्ध लाभ: 1.89 करोड़ , शुद्ध लाभ मार्जिन: 5.73% , डाइल्यूटेड ईपीएस: 1.17, H1 FY25: कुल राजस्व: 52.93 करोड़, सालाना वृद्धि 53.19%, EBITDA: 6.77 करोड़ , EBITDA मार्जिन: 12.79%, शुद्ध लाभ: 2.76 करोड़ , शुद्ध लाभ मार्जिन: 5.22%, डाइल्यूटेड ईपीएस: 1.72, ध्रुव कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड की प्रबंध निदेशक, श्रीमती तन्वी डंडावटे औटी ने वित्तीय प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कहा, 'हम मजबूत राजस्व गति का अनुभव कर रहे हैं, जो एक सशक्त ऑर्डर बुक द्वारा समर्थित है। H1 FY25 में हमारा राजस्व सालाना आधार पर 53% की शानदार वृद्धि दर्शाता है। हालांकि नए प्रोजेक्ट्स के लिए शुरुआती लागतों ने लाभप्रदता पर प्रभाव डाला है, हम FY25 के दौरान परिचालन क्षमता में सुधार की योजना बना रहे हैं, जो हमारे निचले स्तर को बेहतर बनाएगा। हम FY24-25 के लिए 0.10 प्रति इक्विटी शेयर के अंतरिम लाभांश की घोषणा कर रहे हैं। इसके अलावा, हमने 72 प्रति शेयर के एक्सरसाइज प्राइस पर 4,66,600 कर्मचारी स्टॉक विकल्प भी दिए हैं, जो हमारी टीम के साथ सफलता साझा करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# JioHotstar domain dispute: Dubai-based siblings to transfer it to Reliance 'free of cost' as an act of 'Seva'

**NEW DELHI, (Agency).** The Dubai-based siblings Jainam and Jivika who currently own the jiohotstar.com domain have now decided to transfer it to Reliance "free of cost" as an act of "Seva" towards the Delhi-based developer who previously owned it.

"Today, we write to you with mixed emotions. Our journey with jiohotstar.com is coming to an end, a journey that started with a simple act of kindness to help a young developer from Delhi chase his dreams," their message on the website read.




What is the story behind the domain?

The siblings had purchased the domain from its previous owner who was a Delhi-based app developer. The developer had registered it last year at a time when the $8.5 billion or ₹70,352 crore Reliance Jio and Disney Hotstar merger was just a speculation.

The new merged entity is to become one of India's largest media and entertainment companies with an expected revenue of around ₹26,000 crore.

After the merger was formally announced, the developer asked Reliance for the funding of his higher studies at Cambridge University in exchange for the domain.

# ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक

## सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें

**www.babapandit.com**

## "एक सलाहकार और शुभचिंतक"

आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।

## - कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -

*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*

*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*

*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*

इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।

कृपया अपनी जिज्ञासा/सलाह हेतु संपर्क करे ।

Email - babapandit.in@gmail.com


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।

इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक